मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 91 | बुधवार, 19 जून 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas  संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.)  Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com


पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

## अलका याज्ञिक को सुनाई देना हुआ बंद

## 40 हजार लोगों को 2 दिन में एक बार मिलेगा पानी

### चिखलोली डैम का जलस्तर हुआ कम


फाइल फोटो

### ■ मजीप्रा का नियोजन सही नहीं : सुनिल चौधरी

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ चिखलोली डैम में पानी का स्तर एकदम कम होने के कारण 19 जून बुधवार से चिखलोली डैम से एक दिन बाद यानी दो दिनों में एक बार जलापूर्ति की जाएगी. मजीप्रा विभाग से ऐसा लोगों को सूचित किया गया है.

विदित हो कि शहर पूर्व में 40 से 45 हजार लोगों को चिखलोली डैम से पानी दिया जाता है. पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी ने मजीप्रा विभाग से अपील की है कि लोगों को एक दिन बाद के बजाय रोजाना कम प्रेशर से पानी दिया जाए. उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया है कि चिखलोली डैम की ऊंचाई बढ़ाए जाने के बाद भी पानी की कमी कैसे हो गई. चौधरी ने आरोप लगाया है कि मजीप्रा विभाग के अधिकारियों का जलापूर्ति वितरण का नियोजन ठीक ढंग से ना होने के कारण विभाग द्वारा लोगों को अब पानी की परेशानी से जूझना पड़ेगा. ये भी शक जताया जा रहा है कि चिखलोली डैम से पानी चोरी भी होती है. जिस पर विभाग का कंट्रोल नहीं है. जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज है. लीकेज से 20% तक पानी बह जाता है. विभाग का ये कहना है कि बारिश अभी तक ठीक ढंग से शुरू नहीं हुई है. लोगों का ये कहना है कि अगर 10 दिन बारिश देरी से शुरू होती है तो ये हाल है. इसके लिए जलापूर्ति विभाग को पहले ही से नियोजन करना जरूरी है. विदित हो कि चिखलोली डैम से लोगों को रोजाना 5 एमएलडी पानी दिया जाता है. लोगों से अपील की गई है कि पानी का इस्तेमाल कम से कम करें.

# डेंगू और मलेरिया ने पसारे पैर

## 6 माह में मलेरिया के 3,062 , डेंगू के 1755 मरीज



**मुंबई.** मॉनसून महाराष्ट्र में प्रवेश कर चुका है. इसके साथ ही मुंबई समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश शुरू हो गई है. ऐसे में कीड़ों और जलजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। उधर, स्वास्थ्य विभाग पर पहले से ही डेंगू और मलेरिया का खतरा मंडरा रहा है। दोनों ही बीमारियां महाराष्ट्र में पैर पसार रही हैं.

आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जनवरी से 7 मई तक महाराष्ट्र में मलेरिया के 3,062 मामले और डेंगू के 1,755 मामले सामने आए हैं। हालांकि, इस साल अब तक इन बीमारियों से कोई मौत नहीं हुई है, यह जानकारी डॉ. राधाकिशन पवार ने दी है। मलेरिया एकल-कोशिका वाले सूक्ष्म परजीवी प्लाज़मोडियम के संक्रमण के कारण होता है, जो एनोफ़ेलीज़ मच्छरों की कुछ प्रजातियों की मादाओं द्वारा फैलता है। एनोफ़ेलीज़ की लगभग 58 प्रजातियों में से केवल कुछ को ही मलेरिया का प्रमुख वाहक माना जाता है। मच्छरों का घनत्व, जीवन काल, आवास की आदतें, अंडे देने की आदतें, कीटनाशक प्रतिरोध आदि मलेरिया संचरण के लिए जिम्मेदार हैं।

जनवरी से 7 मई तक राज्य में डेंगू के 1,755 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं. पिछले साल इसी अवधि में 1,237 मरीज थे। इस साल अच्छी बात यह है कि डेंगू और मलेरिया से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है.

### मलेरिया के लक्षण....

मच्छर के काटने के दस से पंद्रह दिन बाद लक्षण दिखाई देते हैं। मलेरिया के लक्षण ठंड लगना, गर्मी लगना और पसीना आना है। इस चरण के बाद दूसरा चरण आता है, जिसमें रोगी को राहत महसूस होने लगती है। हालाँकि, रक्त का नमूना लेकर और माइक्रोस्कोप के नीचे देखकर इसका पता लगाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस साल मलेरिया के कुल 3062 मरीज मिलने से सभी की टेंशन बढ़ गई है.

### स्ट्रीट फूड वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई

बीएमसी के स्वास्थ्य विभाग ने मानसून के दौरान होने वाली मलेरिया, डेंगू, लेप्टो, पीलिया स्वाइन फ्लू जैसी महामारी संबंधी बीमारियों को रोकने के लिए कई उपाय किए हैं, लेकिन चूंकि ये बीमारियां स्ट्रीट फूड खाने से बढ़ती हैं, इसलिए मुंबई मनपा इसके खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है। ऐसे विक्रेताओं को एक विशेष टीम द्वारा शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक शहर के फुटपाथों और स्टेशन क्षेत्रों में अवैध रूप से लगने वाले ठेलों पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक स्ट्रीट फूड पर प्रतिबंध रहेगा.



## महामारी नियंत्रण के लिए छिड़काव अभियान

**कल्याण.** मानसून की शुरुआत के साथ ही कई तरह की महामारी बढ़ जाती है. इन महामारी को फैलने से रोकने के लिए कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के घनकचरा विभाग ने सोमवार से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक विशेष कीटाणुनाशक, धुआं छिड़काव अभियान शुरू किया है।

मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर घनकचरा विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल ने इस विशेष छिड़काव अभियान की योजना बनाई है. अभियान की शुरुआत डोंबिवली के इंदिरा चौक से की गई. इस अवसर पर डोंबिवली प्रभाग के मुख्य स्वच्छता अधिकारी वसंत देगलूरकर, स्वच्छता अधिकारी शरद पांडे, के. पी. जगताप उपस्थित थे. इस विशेष अभियान में 122 सफाई कर्मचारी, 122 ब्रास स्प्रे पंप, 30 स्मोक मशीन, तीन स्मोक जीप, 11 ट्रैक्टर शामिल हैं। सुबह-शाम छिड़काव किया जाएगा।

### हाथगाड़ी पर बिक रही खाद्य सामग्री से फैल रही बीमारियां



हालांकि आयुक्त ने महामारी पर नियंत्रण के लिए विशेष छिड़काव अभियान चलाया है, लेकिन खुले ठेलों पर खाद्य सामग्री से महामारी फैल रही है. शाम चार बजे से ही खाने-पीने की दुकानें ग्राहकों से भर जाती हैं। शिकायत है कि डोंबिवली के एच वार्ड, ई वार्ड, डी, ए वार्ड में सबसे ज्यादा ठेले लगाए जा रहे हैं. ड प्रभाग अंतर्गत तीसगांव नाका परिसर में हाथगाड़ी व फुटपाथ पर दुकानों की भरमार हो गई है.

## पुराने विवाद के चलते युवक पर जानलेवा हमला



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में पुराने विवाद के चलते एक युवक पर जानलेवा हमले की घटना घटी है, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे आगे के इलाज के लिए कलवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर कैंप 2 के खेमानी इलाके में अमरधाम चौक के पास जब अब्दुल खान अपने दोस्त के पास जा रहा था, तभी 15 से 20 लोगों ने अब्दुल पर चाकू से हमला कर दिया. अब्दुल की कमर और हाथ पर 10 से 13 वार किए गए और उसे आगे के इलाज के लिए कलवा अस्पताल भेजा गया है। पता चला है कि यह हमला पुराने विवाद को लेकर किया गया है. इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में 15 से 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है आगे की जांच उल्हासनगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

## बिजली की आंख मिचौली से व्यापारी परेशान

### शहर में बिजली समस्या गंभीर- पूर्व नगरसेवक टोनी सीरवानी





### बिजली दर बढ़ोत्तरी वापस लेने की मांग

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में बिजली की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आए दिन बिना किसी समय बिजली आपूर्ति ठप्प की जाती है और घंटों तक बिजली बंद रहती है जिससे औद्योगिक क्षेत्र को बड़ा नुकसान हो रहा है, इतना ही नहीं जब पानी आता है उस समय बिजली न मिलने से पानी मिलना भी लोगों को नहीं मिल पाता। एक तरफ बिजली विभाग बिजली नहीं दे रहा तो दूसरी तरफ बिजली दरों में वृद्धि इस दोहरी मार की शिकायत लेकर पूर्व नगरसेवक व पूर्व स्थायी समिति सभापति टोनी सीरवानी ने बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता कुलकर्णी से मुलाकात की और शहर में बिजली की समस्या से अवगत कराया। श्री टोनी सीरवानी के साथ शिष्टमंडल में औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारी भी मौजूद थे। कैम्प 3 ओटी सेक्शन में बिजली की आंख-मिचौली, बिजली दरों में वृद्धि आदि बिजली की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और इस समस्या का शिकायती पत्र भी उन्हें सौंपा गया। अभियंता कुलकर्णी ने इस समस्या का निवारण करने का आश्वासन उन्हें दिया है।

## मस्जिद परिसर में कुर्बानी करने वाले 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भिवंडी.** बकरीद त्योहार के मौके पर जहां भिवंडी मनपा ने जानवरों की कुर्बानी के लिए 56 कुर्बानी केंद्रों की अस्थाई व्यवस्था की है, वहीं शहर की क्वाटरगेट मस्जिद के अंदर बिना किसी अनुमति के नियम कानून के विरुद्ध जाकर के तीन भैंसों की कुर्बानी दे दी गई। भिवंडी मनपा और पुलिस विभाग की तरफ से यह बार-बार चेतावनी दी गई थी कि कुर्बानी केंद्रों के अतिरिक्त कहीं भी कुर्बानी करना कानून अपराध होगा।भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल रूपेश देसाई की शिकायत पर मस्जिद के ट्रस्टी नसीम मोमिन, शकील मोमिन उर्फ शकील पानी और सुफियान मोमिन और अन्य ट्रस्टियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## अंबरनाथ-बदलापुर में 677 किलो प्लास्टिक जब्त

### ■ प्रदूषण मंडल ने दुकानदारों पर की कार्रवाई
### ■ दुकानदारों एवं पथक में गरमा-गरमी



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और बदलापुर में प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकानदारों से एकल प्रयोग की जाने वाली 677 किलो प्लास्टिक जब्त किया है. ये कार्रवाई कल्याण प्रादेशिक कार्यालय द्वारा की गई है.

बदलापुर में एक प्लास्टिक गिलास डीलर शिवशक्ति मार्केटिंग में छापा मारकर 660 किलो ग्लास और प्लास्टिक की थैलियां जबत की गई हैं. अंबरनाथ में एक किराना शॉप और मिठाई की दुकान में कार्रवाई की गई. दुकानदार और कार्रवाई करने वाली टीम के बीच गरमा गरमी भी हुई है. लेकिन पथक ने अपनी कार्रवाई पूरी करते हुए प्लास्टिक की थैलियां जब्त की हैं.

अंबरनाथ नगर परिषद ने प्लास्टिक थैलियां रखनेवाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के लिए ठेका दिया है. लेकिन ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा मनमानी करने की शिकायत अंबरनाथ व्यापारी संघ ने मुख्याधिकारी से करने के बाद ठेकेदार से कहा गया कि वह कार्रवाई को रोक दे. गत दो महिने से नपा के ठेकेदार ने दुकानदारों पर कार्रवाई को रोक दिया है. नियमानुसार ठेकेदार फिर से कार्रवाई करने की तैयारी में है.

इस दरम्यान कल्याण प्रदूषण मंडल के अधिकारी उपेंद्र कुलकर्णी और उनकी टीम ने अंबरनाथ तता बदलापुर में कार्रवाई करते हुए 677 किलो एकल उपयोग में आनेवाला प्लास्टिक और 660 किलो प्लास्टिक थैलियों को जब्त किया है. कुलकर्णी ने कहा है कि वह ऐसी कार्रवाई अंबरनाथ व बदलापुर में जारी रखेंगे.

## मजदूर ने चाकू खुद पर वार कर की आत्महत्या

**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के चिकनघर इलाके में भवन निर्माण का काम कर रहे एक मजदूर द्वारा खुद पर तेज चाकू से वार कर आत्महत्या करने की बात सामने आयी है. पुलिस और मृतक के परिजनों का कहना है कि मानसिक तनाव के कारण ऐसा हुआ है.

मृतक मजदूर की पहचान अमसी रंगु राय (40) के रूप में की गई है. राय परिवार झारखंड राज्य से है। वह मजदूरी के लिए कल्याण आया था. महात्मा फुले पुलिस स्टेशन की पुलिस ने बताया कि अम्सी रंगू राय कल्याण पश्चिम के चिकनघर में छत्री बंगले के पास एक पानी की टंकी के पास आर.बी. कंस्ट्रक्शन, ओम पुष्पांजलि बिल्डिंग में काम कर रहा था. उसके साथ अन्य मजदूर भी कई दिनों से काम कर रहे थे। लेकिन, शनिवार की दोपहर आमसी रंगू राय कुछ ही देर में अपने आवास से चाकू लेकर आया. अन्य मजदूरों को बताए बिना, उसने खुद की गर्दन पर तेज चाकू से वार किया और खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया।

इमारत पर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने अमसी राय को कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के रुक्मिणीबाई अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अमसी राय कई दिनों से मानसिक तनाव में था. घटनास्थल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने प्रारंभिक अनुमान लगाया है कि इसी वजह से उन्होंने आत्महत्या की होगी. इस मामले में अमसी राय के नाबालिग बेटे ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी है.

## 5 जुलाई के बाद ही होगा कचरे का समाधान

### ■ आचार संहिता के कारण निविदाएं लटकीं



**अंबरनाथ.** पिछले कुछ महीनों से अंबरनाथ शहर में कचरे की समस्या गंभीर हो गई है. नागरिक इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं. साथ ही नागरिक जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा भी जाहिर कर रहे हैं. हालाँकि, नई घनकचरा निविदा प्रक्रिया की समय सीमा पूरी होने के बावजूद, लोकसभा और फिर कोंकण स्नातक चुनाव की आचार संहिता के कारण निविदा खोलने में देरी हो रही है। चूंकि 5 जुलाई के बाद टेंडर खुलेगा और योग्य ठेकेदार को काम दिया जायेगा, तो संभावना है कि अगले महीने से शहर में कूड़े की समस्या दूर हो जायेगी.

अंबरनाथ शहर में बढ़ते शहरीकरण के कारण शहर में कचरे की मात्रा बढ़ गई है। पुराने ठेकेदार का अनुबंध समाप्त होने के बाद से दो वर्ष की अवधि बीत चुकी है। एक पुराने ठेकेदार के लंबित बिल पर विवाद के कारण पिछले कुछ महीनों से शहर के कचरा संग्रहण प्रभावित हो रहा है। इसलिए जब शहर कूड़े के संकट से जूझ रहा है तो नागरिक जन प्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं.

आखिरकार नगर पालिका ने कूड़ा उठाने और नए ठेकेदार की नियुक्ति के लिए दो माह पहले टेंडर प्रक्रिया की। मुख्याधिकारी डॉ. प्रशांत रसाल ने बताया कि फिलहाल चार टेंडर प्राप्त हुए हैं, तकनीकी टेंडर खोले जा चुके हैं और 5 जुलाई को टेंडर खुलने पर पात्र ठेकेदार को घंटागाड़ी से कूड़ा उठाने का काम दिया जाएगा। इस टेंडर में शहर का कुल 150 टन कूड़ा 57 घंटा गाड़ियों और आठ आरसी कॉम्पेक्ट द्वारा उठाया जाएगा। पांच साल के लिए 90 करोड़ रुपये के इस टेंडर से पात्र ठेकेदार को प्रति माह 1.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा. इसलिए नगर पालिका ने कहा कि 5 जुलाई के बाद समस्या का समाधान कर दिया जायेगा.

## शिवसेना यूबीटी शहर प्रमुख पिंकी भुल्लर का निधन



**उल्हासनगर.** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के उल्हासनगर पश्चिम प्रमुख रवीन्द्रसिंह उर्फ पिंकी भुल्लर का मंगलवार दोपहर छोटी बीमारी के कारण ठाणे के जूपिटर अस्पताल में निधन हो गया। 1986 से शिवसेना के प्रति वफादार रहे पिंकी भुल्लर पिछले 15 वर्षों से शिवसेना प्रणीत शहीद रमाकांत चव्हाण रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष थे। एकनाथ शिंदे के शिवसेना से अलग होने के बाद पिंकी भुल्लर के बड़े भाई राजेंद्रसिंह भुल्लर शिंदे समूह में शामिल हो गए। लेकिन अपने बड़े भाई के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद भी पिंकी भुल्लर उद्धव ठाकरे के प्रति निष्ठावान और वफादार रहे। यही कारण है कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पिंकी भुल्लर को पश्चिम शहर प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी. उनके परिवार में उनकी पत्नी और अविवाहित बेटा और बेटी हैं।

## कल्याण-शील मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या



### उपायों को लेकर मनपा आयुक्त कक्ष में बैठक

**कल्याण.** कल्याण-शील रोड पर कल्याण-तलोजा (मेट्रो-12) परियोजना का काम शुरू हो गया है। कल्याण-शील मार्ग पर भारी वाहनों की संख्या सबसे अधिक है। मेट्रो प्रोजेक्ट के काम के चलते शील रोड पर लोहे की बैरिकेडिंग शुरू कर दी गई है.

इससे सड़क संकरी हो गई है और यातायात जाम की समस्या पैदा हो गई है। इस कार्य को समन्वित करने और न्यूनतम स्थान में परियोजना कार्य जारी रखकर यातायात समस्या को हल करने के लिए एमएमआरडीए, एमएसआरडीसी, यातायात पुलिस और कल्याण-डोंबिवली मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों/अभियंताओं की एक संयुक्त बैठक हाल ही में महानगर पालिका मुख्यालय पर मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मेट्रो कार्य के लिए आवश्यक कल्याण शील रोड स्पेस और ट्रैफिक मुद्दों की समीक्षा की गई.

फिलहाल मेट्रो के काम के अलावा कल्याण-शील रोड के दोनों तरफ दोनों ट्रैफिक लेन चल रही हैं. वहां काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है, साथ ही एमएसआरडीसी को निर्देश दिया गया है कि जिन इलाकों में चौड़ीकरण का काम अधूरा है, वहां तुरंत जमीन अधिग्रहण कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाए, साथ ही सड़क के तीसरे लेन का काम भी अधिकांश में अधूरा है वहां काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है.

### भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

बैठक में मेट्रो अथॉरिटी के अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए ट्रैफिक वार्डन, नोटिस बोर्ड, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर सहमति जताई है। शील रोड पर भारी वाहनों के यातायात को बदलापुर पाइपलाइन रोड - मलंग रोड - चक्की नाका मार्ग से डायवर्ट करने के विकल्प पर भी सहमति हुई है और इसके लिए जल्द ही योजना बनाई जाएगी.

## ठाणे जिले में पुलिस भर्ती के लिए 46 हजार आवेदन

### शहरी पुलिस बल में 686, ग्रामीण में 119 पदों के लिए आज से शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

**ठाणे.** ठाणे जिले में पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है. ठाणे सिटी पुलिस के 686 रिक्त पदों के लिए 38 हजार उम्मीदवारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। ठाणे ग्रामीण की 119 सीटों के लिए 8034 उम्मीदवारों के आवेदन, कुल 46 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं।

ठाणे के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय जाधव ने बताया कि शहर पुलिस बल की भर्ती प्रक्रिया ठाणे के साकेत मैदान में की जाएगी और उम्मीदवारों को चिकित्सा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, ठाणे ग्रामीण पुलिस बल की भर्ती प्रक्रिया 19 जून से मुंब्रा के ग्राउंड पर शुरू होने की जानकारी ग्रामीण अधीक्षक डॉ. डी. एस. स्वामी ने दी.

ठाणे जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों पुलिस बल में भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। उसके तहत, शहर पुलिस बल में पुलिस अधिकारियों के 666 पद और ड्राइवरों के 20 पद रिक्त हैं। इन्हीं रिक्तियों के लिए 2022-2023 के लिए भर्ती प्रक्रिया 5 मार्च 2024 से शुरू हो रही है। इसके लिए भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों के आवेदन 5 मार्च से 15 अप्रैल 2024 के




बीच स्वीकार किए गए थे. पुलिस कांस्टेबल के 666 पदों के लिए अब तक 38 हजार 78 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिनमें 30 हजार 155 पुरुष और 7 हजार 923 महिला अभ्यर्थी हैं. इसमें ड्राइवर के 20 पदों के लिए 1 हजार 408 पुरुषों और 119 महिलाओं ने आवेदन भरे हैं. इन 119 में से सात युवतियों का चयन ड्राइवर पद के लिए किया जाएगा. इन उम्मीदवारों का फील्ड टेस्ट 19 जून से ठाणे सिटी पुलिस के साकेत मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती प्रक्रिया 27 जुलाई तक चलेगी.

जबकि मुंब्रा में ठाणे मनपा के डॉ. मौलाना अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ठाणे ग्रामीण पुलिस बल की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। आउटडोर परीक्षण के लिए यहां 1600 मीटर और 800 मीटर का सिंथेटिक ट्रैक उपलब्ध है। 100 मीटर का वॉटर प्रूफिंग ट्रैक भी तैयार किया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया 19 जून से 1 जुलाई 2024 तक चलेगी. ठाणे ग्रामीण की 119 सीटों के लिए 7 हजार 19 पुरुष और 1 हजार 15 महिला उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।

पुलिस अधीक्षक समेत 150 पुलिस अधिकारी कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया पूरी करेंगे. उक्त जानकारी ठाणे ग्रामीण के अधीक्षक डॉ. डी. एस. स्वामी ने दी.

## खबरें गांव की...

### जमीन के लिए सगी मां की बेटे ने कर दी हत्या

**एटा.** जमीन के लालच में मां की हत्या कर उसका शव अपने खेत में दफनाने के आरोपी युवक को पुलिस ने सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला के पुत्र की निशानदेही पर दफनाए गए स्थान से शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सकरौली थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर की है जहां 13 जून को जमीन के लालच में रमाशंकर ने अपने मित्र राम बाबू और नीरज के साथ मिलकर अपनी मां सीमा देवी (50) की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी तथा उसका शव अपने खेत में दफन कर दिया था। पुलिस ने बताया कि सीमा देवी के कई दिनों से लापता रहने पर उसके सौतेले बेटे हरपाल ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने रमाशंकर को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। रमाशंकर ने मां की हत्या कर शव दफनाने का जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने सोमवार को रात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राशन कार्ड धारकों को बड़ी राहत, अब सबको मिलेगा फ्री गेहूं-चावल

**प्रतापगढ़.** राशन कार्ड उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। यूपी सरकार ने राशन लेने के लिए जो प्रक्रिया शुरू की थी उस पर फिलहाल रोक लगा दी है। यूपी सरकार के इस आदेश के बाद अब सभी को आसानी से फ्री गेहूं-चावल का लाभ मिल सकेगा। दरअसल राशन कार्ड धारकों को सरकार की ओर से ई-केवाईसी कराने का आदेश दिया गया था उस पर फिलहाल अब रोक लग गई है। इसके पीछे खाद्यान्न वितरण में आ रही समस्याओं को बताया जा रहा है। ई-केवाईसी के चक्कर में कोटेदार खाद्यान्न वितरित नहीं कर पा रहे थे। माना जा रहा है कि अब ई-केवाईसी प्रक्रिया ऑनलाइन तरीके से कराई जाएगी।

### गर्लफ्रेंड की हत्या कर खुद को गोली से उड़ाया

**मेरठ.** मेरठ में एक युवक ने रविवार देर रात प्रेमिका के घर में घुसकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने वहीं खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। भावनपुर थानाक्षेत्र के गांव पचगांव पट्टी अमरसिंहपुर निवासी 25 वर्षीय मनीष पुत्र श्रीचंद गांव में मेडिकल स्टोर चलाता था। करीब तीन साल से मनीष का मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय युवती से प्रेम प्रसंग था। मनीष के परिजनों ने हाल ही में उसकी शादी गोलाबढ़ में तय कर दी थी और 15 जुलाई को बारात जानी थी। मनीष इसका लगातार विरोध कर रहा था। जानकारी के अनुसार रविवार देररात मनीष युवती के घर पहुंच गया और युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी कनपटी पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### प्रेमिका के शौक पूरे करने के लिए बन गए ई-रिक्शा चोर, बैटरी निकालकर बेच देते थे पुर्जे

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद की सिविल लाईस पुलिस ने सोमवार को दो शातिर ई-रिक्शा चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी किए गए दो ई-रिक्शा बरामद हो गए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह प्रेमिका के महंगे शौक पूरा करने के लिए ई-रिक्शा चोरी की घटना को अंजाम देते थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पकड़े गए ई-रिक्शा चोर शोएब पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी किसरौल थाना नागफनी और राहुल श्रीवास्तव पुत्र राम प्रसाद निवासी विजय नगर थाना कटघर हैं। शातिर चोरों के कब्जे से बरामद ई- रिक्शा चिरंजीवी अस्पताल के पास से 13 जून को चोरी किया गया था।

# अब विधानसभा चुनाव के लिए तैयार भाजपा

- कई राज्यों में बनाए प्रभारी
- भूपेंद्र यादव महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी
- शिवराज को झारखंड की कमान



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव 2024 खत्म होते ही भाजपा ने अब विधानसभा चुनावों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए भाजपा ने चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। सोमवार को पार्टी ने भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी घोषित किया। इसके अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी बनाया गया है। वहीं हरियाणा की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मिली है और उनके साथ ही त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब सह-प्रभारी बनाए गए हैं। इसी साल अक्टूबर में इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पार्टी ने झारखंड के लिए शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी बनाया है। उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर हिमंत बिस्वा सरमा काम करेंगे। जी. किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। हरियाणा और महाराष्ट्र में कुछ महीनों के अंदर ही चुनाव होने हैं तो वहीं झारखंड में भी अगले साल जनवरी तक इलेक्शन प्रस्तावित हैं। अब तक चुनाव आयोग ने स्पष्ट तौर पर जम्मू-कश्मीर के चुनाव पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन पिछले दिनों ही जल्द ही इलेक्शन कराने की बात कही थी। ऐसे में माना जा रहा है कि महाराष्ट्र और हरियाणा के साथ ही यहां भी चुनाव हो सकते हैं। यही वजह है कि भाजपा तैयारियों में जुट गई है।

बता दें कि भूपेंद्र यादव पहले भी कई राज्यों में चुनावी रणनीतिकार के तौर पर काम कर चुके हैं। इसलिए उन्हें महाराष्ट्र जैसे राज्य का जिम्मा मिला है। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के लिए भी यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वह झारखंड में चुनावी कमान संभालेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा की उम्मीदों के अनुसार नहीं आए हैं। ऐसे में विधानसभा इलेक्शन के लिए पार्टी पहले से ही तैयारियों में जुट गई है। राज्यसभा की सदस्य संख्या के लिहाज से भी इन बड़े राज्यों में चुनाव जीतना भाजपा के लिए अहम है।

**NEET विवाद- सुप्रीम कोर्ट का NTA को नोटिस**

# कहा- धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक

### 2015 में ऐसी ही टिप्पणी कर AIPMT रद्द की थी



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में NEET UG विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने कहा, 'अगर किसी की ओर से 0.001% भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं।'

बेंच ने सरकार और NTA से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट (AIPMT) की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था, 'एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है।'

### 4 याचिकाओं को 8 जुलाई को सुनवाई

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवी भट्टी की वैकेशन बेंच ने इस मामले से जुड़ी 4 याचिकाओं को 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट कर दिया गया है। वकीलों से भी उसी दिन सभी मामलों पर बहस करने के निर्देश दिए हैं। 4 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने NEET का रिजल्ट घोषित किया था। पहली बार ऐसा हुआ है जब 67 कैंडिडेट को 720 में से 720 नंबर मिले हैं।

### गंगा आरती में भाव विभोर दिखे पीएम मोदी

**वाराणसी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण के बाद दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को पहली बार काशी आये और दशाश्वमेध घाट पर उत्तरवाहिनी मां गंगा की विधिवत वैदिक रीति से पूजन अर्चन के साथ यहां पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की आरती में पांचवीं बार शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी भाव विभोर दिखाई दिए। गंगा आरती के बाद प्रधानमंत्री का सम्मान किया गया। उन्हें रुद्राक्ष की माला, प्रसाद के रूप में लाल पेड़ा दिया गया। प्रतीक चिह्न में मां गंगा, आरती का प्रतीक फोटो और पीएम का चित्र शामिल रहा।

# पार्टी, शराब और सुरूर... 17 को रौंद डाला, 2 की मौत

**नागपुर.** पुणे की पोर्श कांड के बाद महाराष्ट्र के नागपुर से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी कार फुटपाथ पर सो रहे व्यक्तियों पर चढ़ा दी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। वही 15 लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक कार में छह दोस्त सवार थे, जो कथित तौर पर एक ढाबे पर पार्टी करने के बाद नशे में थे। रविवार आधी रात को कार नागपुर में दिघोरी टोल प्लाजा के पास फुटपाथ पर जा घुसी, जहां लोग सो रहे थे। पुलिस ने गाड़ी चला रहे भूषण लांजेवार और उसके दोस्तों - वंश जादे, सन्मय पत्रिकर, अथर्व वनायत, अथर्व मोगरे और ऋषिकेश चौबे को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने सोमवार को कहा कि लांजेवार और उसके दोस्त, सभी इंजीनियरिंग के छात्र हैं या इंजिनियरिंग खत्म कर चुके हैं। उन पर आईपीसी की धारा 304 (II) (गैर इरादतन हत्या) और अन्य धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्हें दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रही कार को




रोकने की कोशिश करते समय दो पुलिस अधिकारी बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार पहले खड़ी स्विफ्ट डिजायर से टकराई, जिससे हुंडई वर्ना का आगे का बायाँ टायर फट गया। इससे लांजेवार का नियंत्रण खो गया और वह फुटपाथ पर जा गिरा, जहाँ परिवार सो रहा था। मृतकों की पहचान 42 वर्षीय कांतिबाई बागड़िया और 30 वर्षीय सीताराम बागड़िया के रूप में हुई है। घायलों में से सात की हालत गंभीर है, जबकि आठ अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### मौज-मस्ती करने निकले थे आरोपी

वाथोडा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक विजय दिघे ने बताया कि लांजेवार और उसके दोस्त नशे में थे। सभी छह लोगों के ब्लड सैंपल फोरेंसिक लैब भेजे दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, युवक हुडकेश्वर में एक ढाबे पर शराब पीकर ज़ेड का जन्मदिन मना रहे थे और फिर नागपुर के बाहरी इलाके में मौज-मस्ती करने निकल पड़े। निरीक्षक दिघे ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए चालक का पता लगाया गया। पुलिस ने आरटीओ विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण के लिए कार को जब्त कर लिया है। हालांकि, कार के मालिक सौरभ कडुकर पर आरोप नहीं लगाया गया है।

# अररिया में नदी में समाया 12 करोड़ का पुल

- उद्घाटन का था इंतजार
- 13 साल में तीसरी बार बन रहा था पुल

**अररिया.** बिहार में अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को नदी में समा गया। इस पुल को उद्घाटन का इंतजार था। पुल 12 करोड़ रुपए की लागत से बना था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बना था। मंगलवार को पुल के 3 पिलर नदी में समा गए। पुल बनाने वाली कंपनी के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

सिकटी विधायक विजय मंडल के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग की देखरेख में पुल बनाया जा रहा था। एप्रोच रोड नहीं बना था।



### अधिकारियों बोले- गांव वालों ने नदी का धार मोड़ी, जिससे गिरा पुल

ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार ने बताया कि जांच के बाद संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नदी फैलने के कारण पिलर्स घिसकने से ये हादसा हुआ है। कुछ दिन पहले स्थानीय लोगों ने दो पिलर्स के बीच में नदी की धारा को मोड़ने के लिए कटिंग की थी। इसकी वजह से गड्डा ज्यादा हुआ और पिलर्स कमजोर हो गए थे।

बकरा नदी की धारा लगातार बदलते रहने और पुल निर्माण की तकनीकी खामियों के चलते काशी-कामख्या ऐतिहासिक सड़क पर अररिया-किशनगंज के बीच पिछले 13 साल में आवागमन चालू नहीं हो सका है। सड़क के बीच में आने वाली बकरा नदी पर सिकटी के पड़रिया धार में पुल बनना शुरू होते ही नदी ने दो बार धारा बदल ली। इसलिए पुल बेकार हो गया। अब तीसरी जगह पर पुल बनाया गया था। पिछले 13 वर्षों में पुल निर्माण के लिए 43 करोड़ की स्वीकृति मिली है। बारिश के अलावा आठ महीनों के दौरान लोग पैदल निकल जाते हैं लेकिन बरसात के चार महीने सिकटी के लोगों को कुर्साकांटा आने में 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। पुल बनने से किशनगंज के टेढ़ागाछ प्रखंड से भी सीधा जुड़ाव हो जाता।

### 13 साल की छात्रा 14वें फ्लोर से कूदी, मौत

**इंदौर.** इंदौर में 7वीं क्लास की एक छात्रा ने 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। वह मंगलवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। पिता उसे गेट तक छोड़कर लौट गए। छात्रा स्कूल बस में न जाते हुए दूसरी बिल्डिंग में चली गई। लिफ्ट से ऊपर गई और नीचे छलांग लगा दी। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना निपानिया इलाके की है। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि 13 साल की छात्रा सीसीटीवी फुटेज में लिफ्ट में चढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा के परिजनों के बयान के बाद ही सुसाइड की वजह साफ हो सकेगी। पुलिस अफसरों के मुताबिक छात्रा और उसका परिवार मूल रूप से पुणे का रहने वाला है। उसके पिता CCI (कंटेनर कारपोरेशन कंपनी) में मैनेजर हैं। पहले विशाखापट्टनम में पोस्टिंग थी। मार्च 2024 में वह इंदौर आए। यहां निपानिया इलाके की बिल्डिंग में फ्लैट लिया। पिता ने इसी साल दोनों बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराया था। छात्रा का बड़ा भाई 11वीं में पढ़ता है। पुलिस के मुताबिक अभी परिवार बयान देने या बात करने जैसी स्थिति में नहीं है।

# माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए खुशखबरी



- अब जम्मू से ही मिलेगी हेलीकॉप्टर की सेवा

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ियों के बीच स्थित श्री माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए खुशखबरी है। दरअसल, जम्मू से श्री माता वैष्णो देवी की पवित्र गुफा मंदिर तक बहुप्रतीक्षित हेलीकॉप्टर सेवा 25 या 26 जून से शुरू होने की संभावना है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने कहा, "हेलीकॉप्टर सेवा मंगलवार से शुरू होनी थी, लेकिन परिचालन संबंधी कुछ समस्याओं के कारण अब इसे 25 या 26 जून को शुरू किए जाने की उम्मीद है।₹

सीईओ ने उम्मीद जताई कि तीर्थयात्रियों की ओर से इस सेवा को पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिलेगी। श्री माता वैष्णो देवी मंदिर को हिंदू धर्म में सबसे प्रतिष्ठित तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। इस साल जनवरी से मई तक 40.30 लाख से अधिक तीर्थयात्री गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुके हैं। सीईओ ने आगे कहा कि जम्मू से गुफा मंदिर तक सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का निर्णय तीर्थयात्रा को सुव्यवस्थित करने और तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के श्राइन बोर्ड के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

### 35 हजार रुपये का एकतरफा टिकट

तीर्थस्थल बोर्ड ने इस सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिए दो पैकेज तैयार किए हैं। एक उसी दिन वापसी पैकेज है, जिसकी लागत प्रति तीर्थयात्री 35,000 रुपये होगी तथा दूसरा अगले दिन वापसी पैकेज, जिसकी लागत प्रति तीर्थयात्री 60,000 रुपये होगी। उसी दिन वापसी के पैकेज के तहत, जम्मू से मंदिर तक आने-जाने की हेलीकॉप्टर सेवा के अलावा, तीर्थयात्रियों को पंछी हेलीपैड से पवित्र गुफा मंदिर तक और वापस हेलीपैड तक परिवहन सुविधा, प्राथमिकता वाले दर्शन, भवन में मुफ्त भोजन, भैरों घाटी मंदिर तक रोपवे टिकट और पंचमेवा प्रसाद का एक डिब्बा भी मिलेगा।

# CRPF जवानों को उतारा, फिर बस में लगा दी आग

**कांगपोकपी.** सोमवार रात मणिपुर के पहाड़ी जिले कांगपोकपी में केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को भीड़ ने बस से उतारकर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बताया ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीड़ ने पहले CRPF जवानों को बस से उतरने के लिए कहा और इसके बाद उन्होंने उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि एक दमकल गाड़ी ने तुरंत आग बुझा दी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी के पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना रात 9 बजे की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कुकी बहुल जिले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के जवानों को ले जा रही बस किराए पर थी और यह घाटी के प्रमुख मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर थी।

# प्रियंका गांधी को वॉकओवर नहीं देगी कम्युनिस्ट पार्टी

- उम्मीदवार उतारने का ऐलान

**वायनाड.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने मंगलवार को कहा कि वह वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाद्रा के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारेगी। भाकपा के प्रदेश सचिव बिनॉय विश्वम ने संवाददाताओं से कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में शामिल भाकपा के पास वायनाड लोकसभा सीट है और उसका उम्मीदवार उपचुनाव में चुनाव लड़ेगा।

उन्होंने कहा, ₹इसमें संदेह क्या है? भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और वाम लोकतान्त्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुकूल हो। हम निश्चित रुप से वहां अपना उम्मीदवार उतारेंगे।₹ प्रियंका गांधी वाद्रा की उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर बिनॉय विश्वम ने कहा कि कांग्रेस को किसी भी क्षेत्र में अपना उम्मीदवार चुनने की पूरी स्वतंत्रता है।

वाम नेता ने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी की योजना वायनाड सीट खाली करने की थी, तो उन्हें राहुल गांधी जैसे एक प्रमुख नेता को दक्षिण में लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वरिष्ठ नेता एनी राजा ने हाल में सम्पन्न लोकसभा



चुनाव में वायनाड सीट से राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। हालांकि राहुल गांधी ने यह सीट 364422 मतों से जीती थी। उन्हें कुल 647445 वोट मिले थे। वहीं दूसरे नंबर पर रहीं एनी राजा को मात्र 283023 वोट मिले थे और उन्हें 364422 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। वायनाड से तीसरे नंबर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन रहे थे जिन्हें 141045 वोट मिले।

नयी दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व की एक बैठक के बाद कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट बरकरार रखेंगे और वायनाड सीट खाली करेंगे। उन्होंने कहा कि वायनाथ से राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी वाद्रा चुनाव लड़ेंगी। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों में वायनाड और रायबरेली दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। उन्हें चार जून को आए लोकसभा चुनाव के नतीजों के 14 दिनों के अंदर एक सीट खाली करनी थी।

# साहिल चौहान ने लगाया सबसे तेज शतक

### 27 बॉल पर सेंचुरी पूरी की, 18 छक्के मारे; 4 महीने पहले 33 बॉल पर बनी थी सेंचुरी

पा एस्टोनिया के साहिल चौहान टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। साहिल ने साइप्रस के खिलाफ 27 बॉल पर सेंचुरी लगाकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

मैच साइप्रस के इपिसकोपी में सोमवार को खेला गया। साहिल ने 41 बॉल पर 144 रन की पारी खेली। इनमें 6 चौके और 18 छक्के शामिल रहे। साहिल की इस पारी के दम पर एस्टोनिया ने 191 रन का टारगेट 13 ओवर में चेज कर साइप्रस पर 6 विकेट की जीत हासिल की।

### जैन निकोल का 4 महीने पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

साहिल ने चार महीने पहले नामीबिया के बैटर जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन ने ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में नेपाल के खिलाफ महज 33 बॉल पर सेंचुरी पूरी की थी।

**टी-20 में फास्टेस्ट सेंचुरी**



| बैटर | देश | बनाम | बॉल | कब |
|---|---|---|---|---|
| साहिल चौहान | एस्टोनिया | साइप्रस | 27 | 2024 |
| जैन निकोल | नामीबिया | नेपाल | 33 | 2024 |
| कुशल मल्ला | नेपाल | मंगोलिया | 34 | 2023 |
| डेविड मिलर | सा. अफ्रीका | बांग्लादेश | 35 | 2017 |
| रोहित शर्मा | भारत | श्रीलंका | 35 | 2017 |
| सुदेश विक्रमसेकरा | चेक रिपब्लिक | तुर्किये | 35 | 2019 |

उन्होंने 36 बॉल की पारी में 101 रन बनाए। ईटन की पारी में 11 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। उन्होंने 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे।

### साहिल ने गेल का IPL रिकॉर्ड भी तोड़ा

साहिल ने अपनी इस शानदार बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। गेल ने 2013 IPL में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ महज 30 गेंदों पर शतक जड़ा था।

उन्होंने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2018 में दिल्ली के लिए खेलते हुए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों पर सेंचुरी लगाई थी।

### एस्टोनिया की साइप्रस पर बड़ी जीत

साइप्रस ने दूसरे टी-20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। साइप्रस के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तरनजीत सिंह ने 17 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों के सहारे 44 रन की पारी खेली। साइप्रस ने 20 ओवर में सात विकेट पर 191 बनाए।

### कार चला रही महिला खाई में गिरी, मौत

रील्स बनाने के चक्कर में एक महिला की 300 फीट नीचे खाई में गिरकर मौत हो गई। मामला औरंगाबाद जिले के सुलीभंजन का है। महिला की पहचान 23 साल की श्वेता दीपक सुरवासे के रूप में हुई है। खाई में गिरने से कुछ सेकेंड पहले का वीडियो भी सामने आया है। श्वेता सोमवार (17 जून) की दोपहर करीब 2 बजे अपने 25 साल के दोस्त सूरज संजाउ मुले के साथ औरंगाबाद से सुलीभंजन हिल्स गई थी। वह सुलीभंजन में दत्त मंदिर के पास पहाड़ पर डाइविंग सीखते हुए रील्स बना रही थी। इसी दौरान गाड़ी रिवर्स करते समय यह हादसा हुआ। वीडियो में देखा गया कि श्वेता ड्राइविंग सीट पर बैठकर कार चला रही थी। उसका दोस्त सूरज कार के बाहर से वीडियो शूट कर रहा था। इसी दौरान श्वेता कार रिवर्स करने लगी। तब खाई और कार के बीच महज 50 मीटर की दूरी थी।

# कांग्रेस विधायक की गजब करतूत

### बकरीद की शुभकामना संदेश में गाय की तस्वीर

तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक विधायक सोमवार को तब विवादों में घिर गए, जब उन्होंने सोशल मीडिया पर बकरीद की बधाई देते हुए गाय की ग्राफिक तस्वीर उसमें शामिल कर दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस विधायक की इस हरकत पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विवाद बढ़ने पर कांग्रेस विधायक कुंबम अनिल कुमार रेड्डी ने बाद में ₹अनजाने में हुई गलती₹ के लिए माफी मांगी। हालांकि पोस्ट को सभी संबंधित सोशल मीडिया मंचों से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टर में बकरी की छवि थी और इसे अब सोशल मीडिया मंच से हटा दिया गया है।

भाजपा विधायक राजा सिंह ने रेड्डी द्वारा बकरीद की शुभकामनाओं में गाय की तस्वीर इस्तेमाल करने






पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जहां भी बनती है, वहां हिंदुओं का अपमान किया जाता है।

अनिल कुमार रेड्डी ने बाद में एक वीडियो जारी कर कहा कि वह 'राम भक्त' हैं और उन्होंने हमेशा परंपराओं का पालन किया है। उन्होंने कहा कि गलती का पता चलते ही पोस्टर हटा दिया गया। उन्होंने कहा, ₹अगर किसी को ठेस पहुंची है तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं। मैं राम भक्त हूं।₹

दूसरी तरफ, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बकरीद (ईद-उल-अज़हा) त्योहार के अवसर पर मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएं दीं।

## संक्षेप...

### तड़ीपार अपराधी समेत 2 गिरफ्तार

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने दो तड़ीपार आरोपी को गिरफ्तार किया वही पर कोनगांव पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जो गंभीर अपराध करने के फिराक में अंधेरे में छिपकर खड़ा था.

नारपोली पुलिस ने कारिवली गांव के निलेश पाटिल की चाल में रहने वाले अनिल बजरंग राठौड़ और साठेनगर अंजूर फाटा परिसर के रहने वाले वैभव गोपाल पवार को भिवंडी पुलिस उपायुक्त के आदेशानुसार 2 वर्ष के लिए तड़ीपार किया गया था लेकिन आरोपियों ने शहर में प्रवेश करने के लिए किसी भी सक्षम अधिकारी से अनुमति नही ली और बिना अनुमति के ही शहर में घूम रहा था. जानकारी मिलते ही पुलिस ने अपराधी को हिरासत में लिया है. इसी तरह कोनगांव पुलिस ने सुशील अंकुश भैसडे नामक व्यक्ति को रात के अंधेरे में कोनगांव पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है जो कोई गंभीर अपराध करने के फिराक में अंधेरे में छिपकर खड़ा था.पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है.

# रहने के हिसाब से मुंबई देश में सबसे महंगा शहर

- रैंक में 11 पॉइंट ऊपर गया
- यहां बिजली-ट्रैवलिंग पर खर्च ज्यादा
- दुनिया में हॉन्ग कॉन्ग नंबर-1

**मुंबई.** ह्यूमन रिसोर्स कंसल्टेंसी मर्सर ने एक सर्वे किया है। इसके मुताबिक दूसरे शहरों से आए लोगों के लिए मुंबई देश के अन्य शहरों के मुकाबले काफी महंगा है। कंसल्टेंसी ने कॉस्ट ऑफ लिविंग 2024 की सर्वे रिपोर्ट में यह कहा है। मुंबई में पर्सनल केयर, बिजली, यूटिलिटी, ट्रांसपोर्टेशन और किराए का घर लेना महंगा है।

कंसल्टेंसी ने आगे कहा कि देश में सबसे महंगों शहरों में मुंबई, नई दिल्ली और बेंगलुरु शामिल हैं। इस साल मुंबई ने 11 पायदान की छलांग लगाई, लेकिन दुनिया में ये शहर टॉप 100 में नहीं हैं। ग्लोबल लेवल पर कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वे में टॉप 5 शहरों की रैंकिंग में कोई चेंज नहीं है। हॉन्ग कॉन्ग पहले नंबर पर है। उसके बाद सिंगापुर, ज्यूरिख, जिनेवा, बेसल, बर्न,



न्यूयॉर्क सिटी, लंदन, नासाउ और लॉस एंजिल्स आते हैं। मुंबई में मकान के किराए में 6-8% की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में मकान किराया 12-15% के बीच बढ़ा है। बेंगलुरु, पुणे और चेन्नई में भी मकान किराए में यही ट्रेंड रहा है। मुंबई-पुणे बिजली के मामले में सबसे महंगे शहर हैं। मुंबई-बेंगलुरु में ट्रैवल कॉस्ट भी सबसे अधिक है।

### सर्वे पर क्या बोले मर्सर इंडिया मोबिलिटी लीडर राहुल शर्मा

मर्सर के इंडिया मोबिलिटी लीडर राहुल शर्मा ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत ने हमारे 2024 के कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वे में लचीलापन दिखाया है। मुंबई की रैंकिंग में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भारतीय शहरों की ओवरऑल अफोर्डिबिलिटी इंटरनेशनल कंपनियों और इंडियन कंपनियों को अपनी ओर अट्रैक्ट कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू डिमांड और मजबूत सर्विस सेक्टर से हमारी स्ट्रांग इकॉनमी ग्लोबल टैलेंट के लिए स्टेबल वातावरण प्रदान करती है। जैसे-जैसे ग्लोबल हाउसिंग कॉस्ट और महंगाई बढ़ती है वैसे-वैसे भारत की ग्रोथ स्टोरी और लिविंग स्टैंडर्ड में सुधार इसे इंटरनेशनल असाइनमेंट के लिए एक अट्रैक्टिव ठिकाना बनाते हैं।

# पालघर में पाना मारकर प्रेमिका की हत्या

- सिर पर किए 15 वार
- बाद में लाश के पास बैठकर बातें करने लगा

**पालघर.** पालघर में मंगलवार सुबह 20 साल की लड़की की उसके प्रेमी ने पाना मारकर हत्या कर दी।वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह 8.30 बजे हुई इस हत्या का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में आरोपी रोहित यादव पीछे से दौड़ता हुआ आता दिखाई देता है। बाद में वह लड़की के सिर पर 30 सेकंड में करीब 15 बार पाना मारता है। सिर पर लोहे का पाना ( नट-बोल्ट कसने वाला औजार) पड़ने से लड़की बेहोश हो जाती है। इसके बावजूद आरोपी रोहित उसे मारता रहता है। इतना ही



थोड़ी देर बाद वह लाश के पास बैठकर बातें करने लगता है। सरेआम हुई हत्या को लेकर वालिव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

### दोनों साथ में काम पर जा रहे थे, बीच में झगड़ा हो गया

पुलिस ने बताया कि रोहित और आरती दोनों साथ में काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। इसके बाद वह कहीं से पाना लेकर दौड़ता हुआ आया और पीछे से आरती के सिर पर जोरदार वार कर दिया। आरोपी, आरती के सिर पर तब तक मारता रहा, जब तक उसने दम नहीं तोड़ दिया।

जब रोहित ने आरती के सिर पर पहली बार हमला किया था, तो इसे देखकर पास से गुजरता हुआ एक आदमी उसे बचाने आगे आया। उसने रोहित को पकड़कर और वार करने से रोकना चाहा। लेकिन रोहित ने उस आदमी पर ही हमला कर दिया। बाद में वह आदमी अपनी जान बचाते हुए आरोपी से दूर हो गया। हालांकि बाद में वहां मौजूद कुछ लोग आरती की लाश के पास जाते दिखे। कुछ लोग वीडियो भी बना रहे थे। आरोपी रोहित आरती को मारने के बाद भागा नहीं, बल्कि वहीं बैठकर उसकी लाश से बातें करता नजर आया। बाद में पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया।

# हमारे संपर्क में NCP के 19 विधायक -रोहित पवार

- मानसून सत्र के बाद पाला बदल सकते हैं

**मुंबई.** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक और शरद पवार के पोते रोहित पवार ने सोमवार को दावा किया है कि NCP (अजित गुट) के 19 विधायक उनके संपर्क में हैं। विधानसभा के मानसून सत्र के बाद वे पाला बदलने को तैयार हैं।

रोहित ने कहा कि ये विधायक अभी पाला नहीं बदल सकते, क्योंकि ऐसा करने पर इन्हें मानसून सत्र का फंड नहीं मिलेगा। मानसून सत्र के बाद पार्टी सुप्रीमो और दादा शरद पवार फैसला लेंगे कि इनमें से किसे पार्टी में लेना है और किसे नहीं। हालांकि, शरद पवार ने 15 जून को MVA की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि जो नेता पार्टी छोड़कर गए हैं, उन्हें वापस नहीं लेंगे।

महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र 27 जून से 12 जुलाई तक चलेगा। विधानसभा की 288 सीटों पर अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। महाविकास अघाड़ी (शिवसेना (UBT), NCP (SCP), कांग्रेस) साथ में चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुका है।

2019 के विधानसभा चुनाव में NCP ने 53 सीटें जीती थीं। जुलाई 2023 अजित पवार ने पार्टी तोड़ी और 41 विधायकों के साथ NDA में मिल गए। NDA की महायुति सरकार में उन्हें डिप्टी CM बनाया गया।

### रोहित बोले- लोकसभा में कांग्रेस-शिवसेना (UBT) को ज्यादा सीटें दीं, अब हमें चाहिए

विधानसभा चुनाव के लिए **MVA** में सीट शेयरिंग को लेकर रोहित पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने शिवसेना (उद्धव गुट) और कांग्रेस को ज्यादा सीटें लड़ने के लिए दी थीं। हमें उम्मीद है कि अब विधानसभा चुनाव में ये दोनों पार्टियां हमें ज्यादा सीटें लड़ने देंगी। हालांकि, सीट शेयरिंग का फाइनल फैसला तीनों पार्टियों के हाईकमान द्वारा लिया जाएगा। रोहित पवार ने कहा है कि **NCP** से राज्यसभा सांसद प्रफुल पटेल ने कहा कि अगले कैबिनेट विस्तार में वे केंद्रीय मंत्री बनेंगे। इसका मतलब है कि अजित पवार की पार्टी पर प्रफुल पटेल का पूरा नियंत्रण है। अजित पवार ने जनता की भलाई के लिए पार्टी बदली थी या प्रफुल पटेल को **ED** से बचाने के लिए **NCP** तोड़ी थी।

# महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से धुलवाए पैर

- भाजपा ने बताया नवाबी मानसिकता
- पटोले ने दी सफाई

**मुंबई.** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले विवादों में आ गए हैं। दरअसल सोशल मीडिया पर उनका एक विडियो वायरल हो रहा है जिसमें पटोले पार्टी कार्यकर्तोओं से पैर धुलवाते नजर आ रहे हैं। भाजपा ने इस विडियो को लेकर कांग्रेस के ऊपर निशाना साधते हुए पूछा कि आखिर यह नवाबी मानसिकता नहीं तो और क्या है।



यह घटना सोमवार को हुई जब पटोले अकोला जिले के वाडेगांव में एक समारोह में गए हुए थे। यहां पर उन्होंने संत गजानन महाराज के दर्शन किए, दर्शन को जाते समय पटोले को कीचड़ से चलना पड़ा। दर्शन करके वापस आते समय एक कार्यकर्ता कार में बैठे पटोले के पैर धोते हुए नजर आया। जल्दी इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

भाजपा की मुंबई ईकाई के एक्स हैंडल से यह विडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया कि यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज के समय में भी कांग्रेस के नेता लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं को बेइज्जत करते हैं। यह शर्म की बात है कि नाना पटोले ने अपने कार्यकर्ता से अपने पैर धुलवाए, क्या यही कांग्रेस की संस्कृति है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस घटना को कांग्रेस की 'नवाबी शहजादा' वाली मानसिकता बताया और कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को गुलामों की तरह प्रयोग करती है। सोचिए कि आज जब यह सत्ता में नहीं है, तब जनता के साथ इस तरीके से पेश आते हैं अगर यह सत्ता में आ गए तो क्या-क्या करेंगे। शहजाद ने कहा कि इस घटना पर कांग्रेस पार्टी और नाना पटोले को माफी मांगनी चाहिए।

इस घटना पर सफाई देते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं कल की घटना को लेकर कुछ भी छिपा नहीं रहा हूं, वह (कार्यकर्ता) केवल मेरे पैरों पर पानी डाल रहा था। सरकार ने एक योजना चलाई है, हर घर में नल, हर घर में जल, इस कारण वहां कोई भी नल बाहर नहीं था, नहीं तो मैं उसी नल के पानी से अपने पैर धोता।

### गैस टैंकर पलटने से एक जख्मी

**ठाणे.** खारेगाव टोल नाका के पास एक गैस टैंकर पलट जाने की वजह से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया , जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गैस टैंकर ठाणे रेती बंदर से गैस टैंकर क्रमांक एम एच 46 बीबी 1774 नासिक की तरफ जा रहा था। बताया गया कि टैंकर में भारत पेट्रोलियम कंपनी की 18 टन गैस भरी थी। अचानक से टैंकर चालक संतोष यादव का टैंकर से नियंत्रण छूट गया और टैंकर पलटी हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन दल के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे.

### विद्यार्थियों को बांटी मुफ्त नोटबुक

**कल्याण.** मंगलवार को ओम शिवम सत्संग ट्रस्ट, स्व.एम जे पंडित चैरिटेबल ट्रस्ट व विश्व ब्राह्मण समाज संस्कृति संगम एवं गोल्डन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंद विद्यार्थियों को मुफ्त नोटबुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कल्याण के यशोदा हॉल जोशीबाग में सैकड़ों विद्यार्थियों को मुफ्त में नोटबुक्स का वितरण विधायक विश्वनाथ भोईर,पूर्व विधायक नरेंद्र पवार, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सचिन पोटे, रामचंद्र पांडेय, मुरलीधर तिवारी, रवि गुप्ता, अरुण दुबे गोल्डन ग्रुप के दिलबाग सिंह, प्रकाश खैरनार, रणबीर सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में किया गया. इस समारोह की अध्यक्षता जयनारायण (मुन्ना) पंडित ने की. कार्यक्रम के प्रमुख संरक्षक जगदम्बा तिवारी और प्रेमशंकर मिश्रा के योगदान की सराहना की गई. ज्ञात हो कि यह नोटबुक वितरण कार्यक्रम पिछले 25 वर्षों से ज्यादा समय से पंडित परिवार के माध्यम से किया जा रहा है.

# अवैध ठेलों पर मनपा की कार्रवाई

- 28 सिलेंडर जब्त
- सिलेंडर ब्लास्ट के बाद पालिका एक्शन मोड में

**कल्याण.** कल्याण में हाल ही में एक चाइनीज सेंटर पर हुए सिलेंडर ब्लास्ट के बाद महानगर पालिका एक्शन मोड़ में आई गई है। मंगलवार को मनपा के क प्रभाग क्षेत्र कार्यालय ने अवैध ठेलों पर कार्रवाई करते हुए 28 सिलेंडर जब्त किए हैं। सिलेंडर ब्लास्ट की घटना के बाद स्ट्रीट फू के लिए उपयोग किए जाने वाले गैस सिलेंडर की सुरक्षा का मुद्दा चर्चा में आ गया। इसी पृष्ठभूमि में केडीएमसी की आयुक्त



डॉ.इंदुराणी जाखड़ ने मनपा के प्रभाग क्षेत्र अधिकारियों को अवैध ठेले और सिलेंडर पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आयुक्त के निर्देशानुसार क प्रभाग अधिकारी संजय साबले की अगुवाई में मनपा कर्मचारियों की टीम ने अवैध ठेलों पर कार्रवाई की। मनपा अधिकारी के अनुसार क प्रभाग क्षेत्र में विभिन्न ठेलों और खाने की गाड़ियों पर कार्रवाई कर केडीएमसी ने 28 अवैध सिलेंडर जब्त कर लिया। मनपा की इस कार्रवाई से अवैध ठेले और दुकानों में खलबली मच गई है। इन सिलेंडरों की आपूर्ति करने वाली गैस एजेंसी के खिलाफ भी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अगले कुछ दिनों में कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### अंबरनाथ में करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित

**अंबरनाथ.** पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके तथा संवाद फाउंडेशन की अध्यक्ष सुवर्णा सालुंके द्वारा आयोजित 22 वें करियर मार्गदर्शन शिविर का दसवीं व बारहवीं के सैकड़ों विद्यार्थियों ने लाभ लिया.संवाद फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष इस तरह शिविर का आयोजन किया जाता है. स्थानीय वडवली स्थित रोटरी हॉल में आयोजित मार्गदर्शन शिविर में मशहूर वक्ता युजवेंद्र महाजन ने बच्चों को बहुत की आसान एवं सरल भाषा में कक्षा दस व बारहवीं से आगे की पढ़ाई के संदर्भ में समझाया. शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत, शिवसेना उपशहर प्रमुख पुरुषोत्तम उगले महाराज, मनसे शहर अध्यक्ष कुणाल भोईर, पूर्व नगराध्यक्ष प्रज्ञा बनसोडे, प्रा.यास्मिन शेख, प्रा.डॉ पद्मा देशपांडे, नाजिम शेख आदि उपस्थित थे.

# महेश गायकवाड़ ने मॉर्निंग वॉक कट्टा सदस्यों को बांटे छाते

**कल्याण.** कल्याण पूर्व डी वार्ड कार्यालय के क्षेत्र में सुबह की सैर के लिए आने वाले नागरिकों ने हॉटसॉप पर 'मॉर्निंग वॉक' नाम से एक हॉटस्पॉट समूह बनाया है, इस समूह के सदस्यों ने अन्य नागरिकों के साथ मिलकर शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ के हाथों लगभग 200 छाते वितरित किए,



वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न आयु वर्ग के पुरुषों और महिलाओं के एक समूह द्वारा विभिन्न नागरिक समस्याओं का समाधान किया गया है, और इस समूह के सदस्यों को महेश गायकवाड़ ने छाते वितरित किए, उन्होंने उनके काम की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं

इस अवसर पर मॉर्निंग वॉक कट्टया के सदस्य सुनील पगारे, संजय निराभावने, पृथ्वीराज श्रीभुवन, विश्वास भोसले, नवीन कोवले, सुभाष गायकवाड़, देवा नीलकांत, अरविंद कांबले, विजय शिंदे आदि सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे,

# अलका याज्ञिक को सुनाई देना हुआ बंद



- सोशल मीडिया पर जानकारी दी
- फैंस से बोलीं- तेज म्यूजिक से दूर रहें

वेटरन प्लेबैक सिंगर अलका याज्ञिक को रेयर न्यूरो डिसीज हो गई है, जिसकी वजह से वो सुन नहीं पा रही हैं। सिंगर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी इस बीमारी का जिक्र किया।

इसके साथ ही सिंगर ने बताया कि वो बीते काफी वक्त से इनएक्टिव क्यों हैं। अलका ने अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए फैंस और साथी कलाकारों को तेज (लाउड) म्यूजिक से दूर रहने की सलाह दी है।

### हिम्मत जुटाकर अपने शुभचिंतकों से शेयर कर रही हूं: अलका

17 जून को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अलका ने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों के लिए। कुछ हफ्ते पहले मैं एक फ्लाइट से उतरी तो मुझे महसूस हुआ कि मुझे कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है। इस घटना के कई हफ्तों बाद थोड़ी हिम्मत जुटाकर अब मैं अपने दोस्तों और शुभचिंतकों को इस बारे में बता रही हूं, जो मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि मैं कहां गायब हूं।'

### 'अचानक हुई इस घटना से मैं शॉक्ड हूं'

सिंगर ने आगे लिखा, 'मेरे डॉक्टर्स ने एक रेयर सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस डायग्नोज किया है, जो मुझे एक वायरल अटैक की वजह से हुआ है। अचानक से हुई इस घटना ने मुझे शॉक कर दिया है। मैं खुद इसे स्वीकार करने की कोशिश कर रही हूं और चाहती हूं कि इस बीच आप सभी मुझे अपनी दुआओं में याद रखें।' पोस्ट के अंत में अलका ने लोगों को लाउड म्यूजिक ना सुनने की और हेडफोन्स का कम इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

# महिला बचत गट ने विद्यार्थियों के लिए तैयार किया एक लाख स्कूली ड्रेस

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक राज्य एक स्कूली ड्रेस योजना शुरू है।इस योजना के अंतर्गत जिलें में स्कूली ड्रेस के सिलाई का काम महिला आर्थिक विकास महामंडल की ओर से जिलें के महिला बचत गट को दिया गया है।जिला में स्कूली बच्चों को महिला बचत गट की ओर से तैयार किया गया स्कूली ड्रेस पहने हुए दिखाई देगा।जिले में कुल 104703 स्कूली ड्रेस सिलकर तैयार किया गया है।जिसका ग्रामीण क्षेत्रों में 15 जून को 1201ड्रेस का विद्यार्थियों को वितरित किया गया।राज्य सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक राज्य एक स्कूली ड्रेस योजना को शुरू किया।इस साल स्कूल के



पहले दिन यानी 15 जून को मुफ्त में इस योजना के तहत भिवंडी, शहापूर, कल्याण, मुरबाड व अंबरनाथ तहसील के 6 केंद्र स्कूलों में 1201 विद्यार्थियों के लिए ड्रेस भेजा गया है।स्कूल के पहले दिन जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे के हाथों से वितरित किया गया।इस योजना का लाभ महिला बचत गट को मिले इसके लिए महिला आर्थिक विकास महामंडल की व्यवस्थापकीय संचालक माया पाटोले के अथक परिश्रम से किया गया।समय पर सिलाई का काम करने के लिए प्रकल्प संचालक कुसुम बालसराफ, महाव्यवस्थापक (वित्त व प्रशासन) रविंद्र सावंत, महाव्यवस्थापक (प्रकल्प) महेंद्र गमरे ने परिश्रम किया।राज्य के सभी जिलों में स्कूली बच्चों को समय पर ड्रेस मिले इसके लिए कार्यक्रम व्यवस्थापक रूपा मेस्त्री, गौरी दोंदे, वित्त व लेखा अधिकारी राखी मिराशी व व्हॅल्यु चेन, महेश कोकरे सभी जिलों में मार्गदर्शन किया।ड्रेस सिलाई का काम समय पर पूरा कर स्कूलों में पहुंचने के लिए सभी सीएमआरसी गारमेंट युनिट बड़े पैमाने पर काम कर रहा है।ठाणे जिला सीएमआरसी के तहत कुशल महिलाओं को रोजगार मिले इसके लिए माविम विभागीय सल्लागार मंगेश सूर्यवंशी, माविम ठाणे जिला समन्वय अधिकारी अस्मिता मोहिते के समय-समय पर मार्गदर्शन के कारण इस काम को गति मिला है।

# फेरीवालों से हफ्ता वसूलने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** खारघर में सड़कों पर अवैध फेरीवालों से हफ्ता वसूली का मामला पुलिस स्टेशन तक पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को खारघर पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली और छेड़छाड़ की तीन शिकायतें दर्ज की गई हैं । साथ ही जिस शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, उसने भी फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले और उसके साथियों के खिलाफ जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार खारघर कॉलोनी में और प्रसाद होटल के सामने सड़क पर कान की बाली बेचने वाले फेरीवाले जावेद खुर्शीद सैयद ने अपनी शिकायत में कहा है कि, राकेश हरकुलकर, शाहिद शेख और संतोष चालके ने फोटो खींचकर इन फेरीवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की धमकी दी थी । शिकायत में कहा गया है कि फुटपाथ पर व्यापार करने के बाद प्रतिदिन 50 रुपये न देने पर मनपा और पुलिस स्टेशन में शिकायत करने की बात कही थी , जबकि राकेश हरकुलकर द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया है कि फॉर्च्यूनर कार से दो व्यक्ति आए, और उन्हें जातिगत गालियां दी और उनके साथ मारपीट भी की , तीसरी घटना में संबंधित महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार शाम लिटिल वर्ल्ड मॉल के सामने सड़क पर कान की बालियां बेच रही थी तभी राकेश हरकुलकर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। शिकायत में कहा गया है कि राकेश पंद्रह दिनों से पीड़िता की अनुमति के बिना उसकी तस्वीरें ले रहा था और महिला की बेटी को गंदी नजरों से देख रहा था। चौथी घटना में डोसा बेचने वाले सचिन इंगले ने राकेश हरकुलकर, संतोष चालके, शाहिद शेख और अन्य के खिलाफ खारघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |



यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099